Day & Date	Part	Subject Name	Time	Code	Marks
Monday 21/05/2018	I (Fresh / Repeater)	Hindi – Hindi Mahila Gadya Lakhan	11.00 AM To 02.00 PM	203008	100

प्र.1 संसदर्भ व्याख्या कीजिए। **20**

अ) मेरी कोख से जनमनेवाला दशहरे की पूजा में हथियार सँभालेगा। हम क्षत्रिय है। जाँति–पाँति नहीं होती, आदमी का कर्म क्षत्रिय होता है।

अथवा

तुम सोच सकती थी, एक औरत के कतल–खून को चुपचाप पी जाएँगे? उसकी फटी हुई आँखो ने किसी को दहलाया नहीं?

ब) असली मानक होता है रचनाकार का दायित्व–बोध, उसके सरोकार, उसकी जीवन–दृष्टि और उसकी कलात्मक निपुणता।

अथवा

शायद मेरे पास इन लोगों की तरह न भविष्य है – न भविष्य की योजनाएँ – न भविष्य के सपने और एक भविष्यहीन जिन्दगी अपने अतीत के उजले–धुँधले पक्षों के साथ ही तो लिपटती–चिपटती रहेगी!

प्र.2 'चाक' उपन्यास वर्तमान भारतीय ग्राम जीवन का चित्रण करता है– विवेचन कीजिए। **20**

अथवा

'चाक उपन्यास नारी चेतना की सशक्त अभिव्यक्ति है'– कथन के आधार पर चर्चा कीजिए।

प्र.3 पति और साहित्यकार के रूप में राजेंद्र यादव के अंतर्विरोध को स्पष्ट कीजिए। **20**

अथवा

पत्नी रूप में मन्नू भंडारी के जीवन की त्रासदी स्पष्ट कीजिए।

प्र.4 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **20**

अ) 'चाक' शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

ब) रंजीत का चरित्र – चित्रण कीजिए।

क) 'एक कहानी यह भी' में प्रयुक्त भाषा शैली का परिचय दीजिए।

प्र.5 अ) एक वाक्य में उत्तर लिखिए। **10**

1. सारंग ने अपने बेटे को बाहर पढ़ने क्यों भेजा?
2. रेशम के ससूर के घर क्या श्राप लगा?
3. करमवीर कौनसी नौकरी करता है?
4. सारंग ने कौनसी प्रतिज्ञा ली?
5. बालक के जन्म के बाद 'चाक' में उल्लेखित उत्सव का नाम लिखिए।
6. मन्नूजी ने अपनी माँ को व्यक्तित्वहीन क्यों कहा?
7. धर्मवीर भारती की मुनादी कविता की क्या विशेषता थी?
8. मन्नूजी ने अपनी शादी को शुद्ध पंचायती शादी क्यों कहा?
9. मन्नू भंडारी की कोई दो कहानियों के नाम लिखिए।
10. परित्यक्ता का कौनसा दुख मन्नू भंडारी ने बनाया?

ब) सही विकल्प चुनिए। **05**

1. हुकूमसिंह के पिताजी का नाम है –

अ) थानसिंह ब) फत्तेसिंह प्रधान

क) केलासीसिंह ड) रंजीतसिंह

2. मन्नू भंडारी का जन्म यहाँ हुआ –

अ) भानपुरा ब) लखनऊ

क) उज्जैन ड) मुंबई

3. रेशम के पति की हत्या की गवाही इसने दी –

अ) लौंगसिरी बीबी ब) तोता की बहू

क) सारंग ड) गुलकंदी

4. मन्नू भंडरी की इस कहानी पर 'जीना यहाँ' नाम से फीचर फिल्म बनी –

अ) सजा ब) सोमा बुआ

क) एखाने आकाश नॉय ड) यही सच है

5. लौंगसिरी का बेटा है –

अ) रामकन्हैया ब) श्रीधर

क) गजाधर ड) चंदन

क) जोडे मिलाइए। **05**

अ	**ब**
1. प्रभा खेतान	1. झूला नट
2. मैत्रेयी पुष्पा	2. अन्या से अनन्या
3. कौसल्या बेसंत्री	3. शेष यात्रा
4. चित्रा मुद्गल	4. दोहरा अभिशाप
5. उषा प्रियंवदा	5. आवां